अत्यंत महत्वपूर्ण
विशेष पत्र वाहक द्वारा

शहरी विकास विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
9वॉं तल, "सी" – विंग दिल्ली सचिवालय,
आई. पी. एस्टेट,नई दिल्ली–110002.

एफ.53(09)/~~ता.~~अता. प्र.10/चतुर्थ सत्र (चतुर्थ–भाग) 2023/दिविस/श.वि./4903–04 दिनांकः 14/12/2023

सेवा में,

1. उप सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली –110054.

विषयः सातवीं दिल्ली विधानसभा के चतुर्थ सत्र का (चतुर्थ–भाग) 2023 अतारांकित / ~~तारांकित~~ प्र0 सं. 10 मान्नीय विधायक श्री ओम प्रकाश शर्मा दिनांक 15.12.2023 को सदन की बैठक के सन्दर्भ में।

महोदया/ महोदय,

आपको उपरोक्त विषय में वर्णित विधानसभा प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियॉं माननीय मंत्री शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा अनुमोदित की गई अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत की जा रही हैं।

भवदीय

उप–सचिव (संसदीय शाखा)

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

कृपया प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. निदेशक, सूचना. एवं प्रचार निदेशालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली (प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियों सहित) दिल्ली सरकार पुराना सचिवालय, दिल्ली –110054.

उप–सचिव ( संसदीय शाखा)

**शहरी विकास विभाग**

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार**

**9वां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002.**

मान्नीय विधायक का नाम : श्री ओम प्रकाश शर्मा

दिनांक : 15.12.2023

विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 10

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | क्या एमसीडी के 800 सरकारी स्कूलों में 37484 कुर्सी और 6246 मेज लगाने का काम किसी एजेंसी को दिया गया हैं; | **दिल्ली नगर निगम के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारः–** जी हां, 37484 कुर्सी एवं 6246 मेज दिल्ली नगर निगम में नर्सरी बच्चों के प्रयोग हेतु 834 विद्यालयों में दी गई है। |
| ख | यदि हॉं, तो किस एजेंसी को दिया गया है तो कितनी राशि में दिया गया है व कृपया टेंडर व उससे जुड़ी विस्तृत जानकारी दें; | **दिल्ली नगर निगम के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारः–** शिक्षा विभाग द्वारा नर्सरी बच्चों के प्रयोग हेतु 37484 कुर्सी और 6246 मेज क्रय करने के लिये Gem पर दिनांक 23/02/2023 को BID संख्या Gem/2023/B/3176050 आमंत्रित की गई थी तथा इस बिड में एल–1 बोलीदाता मैसर्स नौनिध इण्टरप्राइजेज को उपरोक्त वस्तुए सप्लाई करने के लिये राशि 3,31,48,579/– रूपये का कार्य आदेश दिया गया था। |
| ग | अस्पतालों, औषधालयों को नया रूप देने के लिए एमसीडी ने 117 करोड़ रूपये अलग रखे हैं, इस विषय पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवायें; और | **दिल्ली नगर निगम के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारः–** दिल्ली नगर निगम के अस्पताल प्रशासन विभाग के अन्तर्गत कार्यरत, 11 अस्पताल, 102 मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र, 13 पॉलीक्लीनिक, 36 प्राथमिक शहरी स्वास्थ्य केन्द्र, 13 प्रसूति गृह, 47 डिस्पेंसरी, 2 चेस्ट हॉस्पिटल, 10 चेस्ट क्लीनिक, 1 कुष्ठ रोगी उपचार केन्द्र, 3 फिजियोथेरेपी केन्द्र तथा 31 मोबाइल डिस्पेंसरी द्वारा संपूर्ण दिल्ली में जनता को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। जनसाधारण तक, विशेष रूप से अशिक्षित, गरीब और पिछड़े वर्ग तक उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं।<br>दिल्ली सरकार द्वारा प्रतिवर्ष दिल्ली नगर निगम के अस्पताल प्रशासन विभाग के अस्पतालो और स्वास्थ्य ईकाइयो के विकास एवं उन्नयन के लिये सहायता अनुदान राशि प्रदान की जाती है।<br>वर्तमान वित्त वर्ष 2023–24 के लिए अस्पताल प्रशासन विभाग के अंतर्गत अस्पतालो और स्वास्थ्य ईकाइयो के लिये सहायता अनुदान के रूप मे 11862.84 लाख रुपये आबंटित हुए है।<br>स्वास्थ्य ईकाइयो एवं अस्पतालो की विभिन्न स्कीम प्रोजेक्ट के कार्यो के लिये उपरोक्त आबंटित सहायता अनुदान राशि का वितरण इस प्रकार किया गया है: |

**Amount : in Lacs**

| Name of Scheme | General | Capital |
|---|---|---|
| Medical (Health Purposes) | | |
| Hindu Rao Hospital | 1400.00 | |
| North DMC Medical College | 450.00 | |
| Kasturba Hospital | 800.00 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | G.L.M. Hospital | 150.00 | | |
| | | R.B.I.P.M.T & M.V.I.D. Hospital | 600.00 | | |
| | | Balak Ram Hospital | 150.00 | 5483.99 | |
| | | Swami Daya Nand Hospital | 810.85 | | |
| | | Mata Gujri Hospital | 500.00 | | |
| | | Colony Hospitals, Dispensaries, Polyclinics, T.B. Control, PUHC, M.&C. Welfare & Strengthening of BMW managament facilities | 1518.00 | | |
| | | **Total** | **6378.85** | **5483.99** | |
| घ | इस राशि का कब व कहाँ इस्तेमाल हुआ है, किन–किन एजेंसियों ने इस मद के पैसे खर्च किए हैंव इसके टेंडर से जुड़ी जानकारी प्रदान करें? | **<u>दिल्ली नगर निगम के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारः–</u>**<br>उपरोक्त आबंटित सहायता अनुदान (सामान्य) (General) राशि का इस्तेमाल अस्पताल प्रशासन विभाग के अधीन अस्पतालो एवं स्वास्थ्य ईकाइयो मे मुख्य रूप से विभिन्न उपकरणो जैसे डायलिसिस मशीन, वेंटिलेटर, मॉनिटर और डिफाइब्रिलेटर, अल्ट्रासाउंड मशीन, डी.आर.सिस्टम, फीटोमेटरनल मॉनिटर यूनिट / सीटीजी मशीन,प्रयोगशाला अभिकर्मक,एक्स–रे फिल्म, बायोमेडिकल अपशिष्ट संग्रह तथा उपचारोपरांत निपटान की व्यवस्था तथा कार्यालय के लिये फर्नीचर इत्यादि की खरीद केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित GeM पोर्टल के माध्यम से सहायता अनुदान (सामान्य) उप–शीर्ष द्वारा की जा रही है।<br><br>इसके अतिरिक्त अस्पतालो एवं स्वास्थ्य ईकाइयो के विकास एवं उन्नयन के लिये सहायता अनुदान (पूंजीगत सम्पत्ति निर्माण) (Capital) उप–शीर्ष का बजट अभियांत्रिक विभाग को आबंटित किया गया है।<br><br>जिसके तहत ओपीडी,ओपरेशन थियेटर, आईसीयू और कैजुअल्टी ब्लॉक का सुधार और सुदृढ़ीकरण, वार्ड ब्लॉक के भवनो की विद्युत स्थापना में सुधार, आपातकालीन / कैजुअल्टी ब्लॉक के कमरों,टॉयलेट ब्लॉक, ड्रेनेज सिस्टम, जल आपूर्ति प्रणाली, छत की वाटर प्रूफिंग में सुधार, शाफ्ट, इक्वलाइजेशन पिट एवं ओ.टी. से सीवर लाइन बिछाने का कार्य, ईटीपी के लिए ब्लॉक,प्रशासनिक–सह–शैक्षणिक ब्लॉक में फायर अलार्म और फायर डिटेक्शन सिस्टम की एसआईटीसी, अग्निशमन प्रणाली का रखरखाव और लिफ्ट लॉबी का परिष्करण कार्य,वृद्ध और विकलांग व्यक्तियों के लिए शौचालय का निर्माण, प्रसुति गृह/ पॉलीक्लिनिक का आधुनिकीकरण,स्टाफ क्वाटर की मरम्मत, पावर बैकअप का संवर्धन इत्यादि सभी कार्य सहायता अनुदान (पूंजीगत सम्पत्ति निर्माण) उप–शीर्ष के अंतर्गत निगम के अभियांत्रिक विभाग द्वारा किया जा रहा है। | | | |

Dy. Secretary (U.D./P.C.)
Govt. of N.C.T. of Delhi
Delhi Secretariat
I.P. Estate, New Delhi-02